BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
PERIODIC TEST-2 (2024-25)
HINDI

Class : IV — Duration : **1.00 Hrs**
Date : 07-12-2024 — Max. Marks : **25**
Admission No.: — Roll No.:

General Instructions:-

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए - **[5]**

एक बार एक किसान का बैल गहरे गड्ढ़े में गिर गया | वह जोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा | किसान उसे बाहर से निकालने का उपाय सोचने लगा | अंत में उसने सोचा कि बैल बहुत बूढ़ा हो चुका है , इसलिए उसे गड्ढ़े में दफ़ना देना चाहिए | किसान ने अपने सभी पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया | सभी मिलकर गड्ढ़े में मिट्टी डालने लगे | बैल पहले जोर -जोर से चिल्लाया और बाद में शांत हो गया |

सब लोग गड्ढे में मिट्टी डालते जा रहे थे | तभी किसान ने नीचे झाँककर देखा तो वह चकित रह गया | अपने पीठ पर पड़ने वाली मिट्टी को वह बूढ़ा बैल नीचे गिरा देता था और उस मिट्टी के ऊपर चढ़ जाता था | जल्दी वह गड्ढ़े के किनारे पहुँच गया और और अपनी हिम्मत से बाहर निकल आया |

(i) यहाँ पर किसके बैल की कहानी बताई गयी है **?**

(a) किसान **(b)** चोर **(c)** कुम्हार **(d)** धोबी

(ii) बैल कहाँ गिर गया था ?

(a) नदी में **(b)** तालाब में **(c)** नहरमें **(d)** गड्ढे में

(iii) बूढ़ा कौन हो गया था ?

(a) बैल **(b)** किसान **(c)** युवक **(d)** गधा

(iv) सब लोग गड्ढ़े में क्या डाल रहे थे **?**

(a) पानी **(b)** मिट्टी **(c)**तेल **(d)** अनाज

(v) किसान ने मदद के लिए किसे बुलाया ?

(a) नौकर को **(b)** राजा को **(c)** पड़ोसियों को **(d)** मित्र को

प्रश्न.2 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- **[2]**

(i) इलाज करने वाला ------------------

(ii) कपडे सिलने वाला ------------------

प्रश्न.3 दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए : **[2]**

(i) दादा का स्त्रीलिंग शब्द है - ------------------

(ii) नौकर का स्त्रीलिंग शब्द है - ------------------

प्रश्न.4 दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : **[1]**

(i) खुशी का बहुवचन शब्द है - -------------------

(ii) नदी का बहुवचन शब्द है - -------------------

प्रश्न 5 नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[5]**

(i) रमन में कौन-कौन सी बुरी आदतें थी ?

(ii) टिलटिल कौन था?

(iii) समुद्र में कौन-कौन से जीव रहते हैं?

(iv) रमन क्यों परेशान था?

(v) टॉप्सी ने अंडों को बालू में क्यों दबाया ?

प्रश्न 6 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[6]**

(i) हमें अपनी आँखों को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए ?

(ii) टिलटिल और उसके भाई -बहनों ने शिकारी पक्षियों से बचने के लिए क्या किया ?

(iii) अंत में रमन ने क्या तय किया ?

प्रश्न.7 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए - **[4]**

-- **समाप्त** --